

# सड़क जर्जर, गारंटी अवधि दो महीने पहले समाप्त

## गारंटी मियाद के दो साल पहले से ही सड़क के निकल गये थे जगह-जगह परखच्चे, बैरदह छांदा से डिलरी मार्ग का मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। चितरंगी ब्लॉक के बैरदह छांदा से लेकर परमा डिलरी तक करीब पॉच वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था, किंतु गारंटी अवधि के समय ही सड़क जर्जर होने लगी थी। फिर भी उसका मरम्मत कार्य नही कराया गया और अब गारंटी अवधि 28 दिसम्बर 2025 को समाप्त हो चुकी है।**

दरअसल प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत चितरंगी ब्लॉक के बैरदह छांदा से लेकर परमा डिलरी तक दूरी 7.70 किलोमीटर, लागत करीब 9 करोड़ 92 लाख रूपये का कार्य कराया गया था और गारंटी अवधि पूर्णता दिनांक वर्ष 2020 थी। सड़क के रख-रखाव कार्य के दायित्व के अंतिम तिथि 28 दिसम्बर 2025 नियत की गई थी। साथ ही आगामी पॉच वर्षो के लिए सुधार व रख-रखाव कार्य का जिम्मा डीबी बिल्डकांन को सौपा गया था और इसके लिए करीब 16.56 लाख रूपये भी मंजूर थी। परंतु ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क जैसे-जैसे पुरानी होती गई, उसके कचूमर निकलने लगे। सूचना शिकायत होने के बावजूद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क ईकाई के हितग्राही अनसुनी करते रहे। लिहाजा रख-रखाव के लिए नियत तिथि के पहले सड़क जर्जर होने के बावजूद मरम्मत कार्य नही कराया गया। ग्रामीण यह भी आरोप लगा रहे हैं कि यह सब क्रियान्वयन एजेंसी महाप्रबंधक म.प्र. ग्रामीण सड़क के अधिकारियों की मिलीभगत था। जिसके कारण संविदकार पर सड़क मरम्मत कार्य कराने के लिए जहमत नही उठाया और अब मरम्मत कार्य की अवधि समाप्त हो गई, फिर इस सड़क का मरम्मत कार्य कब और कौन कराएगा? इस बात को लेकर बैरदह एवं डिलरी गांव के ग्रामीण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों पर तंज कसने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब कुछ सुनियोजित तरीके से विभागीय अधिकारियों ने लाभ पहुंचाने एवं लाभ लेने की नियत से निर्धारित गारंटी अवधि में मरम्मत कार्य नही कराया और अब डामर की सड़क की गिट्टियां बाहर निकल आई हैं, जिससे मोटरसाइकिल चालको को फिसलने का डर बना रहता है।

### रख-रखाव के लिए मंजूर थी 16 .56 लाख रुपए

बैरदह छांदा से लेकर डिलरी गांव तक करीब 7 .70 किलोमीटर लम्बाई सड़क निर्माण के लिए 7 करोड़ 92 लाख रूपये की मंजूरी मिली थी। सड़क रख-रखाव के लिए पॉच साल की गारंटी तय थी, जिसके समाप्त होने की अवधि पिछले वर्ष दिसम्बर महीने के अंतिम सप्ताह तक नियत थी और सड़क के रख-रखाव कार्य के लिए 16 .56 लाख रूपये भी मंजूर था। ताज्जुब इस बात है कि गारंटी अवधि में सड़क भी टूटी, लेकिन ठेकेदार एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों को भनक तक नही लगी। शायद इसीलिए मरम्मत कार्य कराना भूल गये। यहां के ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि यदि सड़क मरम्मत के लिए राशि मंजूर थी, तो उसका उपयोग कहां हुआ? और यदि हुआ भी है तो सब कुछ कागज तक ही सीमित रहा है।

### जांच कराने की उठने लगी मांग

बैरदह से डिलरी सड़क मार्ग निर्माण कार्य के बाद जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य न कराए जाने को लेकर यहां के ग्रामीणों के साथ-साथ सत्ता एवं विपक्ष दल के नेता भी तरह-तरह के सवाल उठाते हुये कहा है कि रख-रखाव की राशि में बंदरबाट की गई है। इसीलिए सड़क का मरम्मत कार्य नही करा रहे थे और विभागीय अधिकारी व ठेकेदार सड़क मरम्मत कार्य अवधि समाप्त होने के इंतजार में थे। कई कांग्रेसी नेताओं ने कहा है कि इसकी जांच हो, इस तरह का पहला खेला नही है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों ने किया है। गोड़हा मार्ग में इसी तरह का खेल कुछ वर्ष पूर्व अधिकारियों ने किया था। मामला उजागर होने के बाद आनन-फानन में सड़क का मरम्मत कार्य कराया गया। यह एक बानगी बताया जा रहा है। इसी तरह के अन्य सड़को में भी खेल हुआ है। नेताओं ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# बुजुर्ग महिला को बेटा व बहू ने घर से निकाला

## अपनी बेटी के साथ एसपी दफ्तर में फरियाद करने पहुंची महिला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। जिले के बैढ़न थाना क्षेत्र से एक संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां एक 90 वर्षीय वृद्ध महिला ने अपने ही बेटे और बहू पर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।**



जानकारी के अनुसार बैढ़न थाना क्षेत्र के बड़ी मस्जिद के सामने रहने वाली 90 वर्षीय उर्मिला देवी पति स्व. मोहनलाल मोंदवाल ने एसपी सिंगरौली को लिखित शिकायत दी है। महिला का कहना है कि उनके पति की वर्ष 2017 में मृत्यु हो चुकी है और उनके दो बेटे तथा पांच बेटियां हैं। आरोप है कि दोनों बेटों और बहुओं ने उन्हें घर से निकाल दिया है, जिसके कारण वह अपनी बेटी के घर रहने को मजबूर हैं। वृद्ध महिला के अनुसार उनका बड़ा बेटा अनिल अब इस दुनिया में नहीं है, जबकि छोटा बेटा सुनील बैढ़न में ही अपने परिवार के साथ रहता है। पीड़िता का आरोप है कि बेटा और बहू उन्हें घर में रहने नहीं दे रहे हैं और उनके इलाज व खाने-पीने की जिम्मेदारी भी नहीं उठा रहे हैं। वृद्धा ने बताया कि वह चलने-फिरने में भी असमर्थ हैं और इस हालत में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पीड़ित महिला ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने की मांग की है।

### एक नजर में

### अलग-अलग स्थान पर तीन ट्रक पलटे



**सिंगरौली।** देवसर के जोगिनी, गोरबी चौकी के महदेइया एवं निवास चौकी के पारसी मोड़ पर आज दिन बुधवार को अलग-अलग तीन ट्रक हादसे का शिकार हो गये। पहली घटना महदेइया गांव की है, जहां एक कोल वाहन टिपर बेकाबू होकर एक घर में घुस गया, हालांकि किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई है। वहीं दूसरी घटना देवसर के खाखन नदी के समीप राखड़ से भरा एक ट्रक पलट गया। वहीं तीसरी घटना निवास पुलिस चौकी क्षेत्र के परासी मोड़ पर हुई। राखड़ भरा ट्रक बेकाबू होकर पलट गया, लेकिन गनिमत रही कि कोई भी जनहानि नही होने की खबर है।

### नहीं रही सरस्वती देवी पाण्डेय

**सिंगरौली।** जिला कांग्रेस सेवादल सिंगरौली के अध्यक्ष पूर्व सरपंच रूपेश चन्द्र पाण्डेय की माता सरस्वती देवी पाण्डेय का दुखद निधन हो गया है। सरस्वती देवी पाण्डेय अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। परिवार में उनके बड़े पुत्र मुकेश चन्द्र पाण्डेय, राकेश चन्द्र पाण्डेय सहित नाती-पोतों सहित पूरा परिवार सदमे में है। गौरतलब है कि विगत दस दिनों से गंभीर हालत में उनको निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, डाक्टरों के तमाम प्रयास के बावजूद भी उनको नहीं बचाया जा सका। उनके दुखद निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है, उनके तमाम नजदीकी रिश्तेदार विभिन्न राजनीतिक दलों को नेताओं से शोक व्यक्त किया है, उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम डिग्घी में सुबह 11 बजे दिन किया जाएगा।



# एनसीएल ट्रॉमा सेंटर को उपलब्ध कराएगा अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण

## कलेक्टर के मौजूदगी में एनसीएल व सीएमएचओ के बीच हुआ समझौता

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थिति अनुषंगी कंपनी एनसीएल अपनी सीएसआर पहल के तहत जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है।**

इसी क्रम में कलेक्टर गौरव बैनल की उपस्थिति में महाप्रबंधक सीएसआर एनसीएल तथा सीएमएचओ के बीच जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर बैढ़न में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस सीएसआर परियोजना के लिए प्रस्ताव सांसद सीधी-सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा अनुशंसित एवं जिला कलेक्टर द्वारा एनसीएल को प्रेषित था। इस परियोजना के अंतर्गत एनसीएल अपने सीएसआर मद से जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराएंगी। इन उपकरणों में कार्डियोलॉजी, सर्जरी एवं ऑपरेशन थिएटर, ऑर्थोपेडिक्स, दंत चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा तथा आपात एवं ट्रॉमा सेवाओं से संबंधित उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों के आने के बाद जिला अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने एनसीएल द्वारा क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह पहल जिले के नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एनसीएल के महाप्रबंधक राजीव रंजन ने कहा कि कंपनी अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र के सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# कलयुगी बेटे ने पीट-पीटकर की पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## घरेलू विवाद बना खून का कारण, नाबालिग बेटे ने पुलिस के सामने कबूला अपराध, सरई थाना क्षेत्र के गन्नई गांव में सनसनी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। जिले के सरई थाना क्षेत्र के गन्नई गांव में बीते दिन मंगलवार की रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कलयुगी बेटे ने घरेलू विवाद के चलते अपने ही पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।**



मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रघुनाथ कोल निवासी तेदूहा गांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पिता और पुत्र के बीच आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। मंगलवार की रात भी दोनों के बीच मामूली बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते गंभीर विवाद में बदल गई। गुस्से में आकर बेटे ने लोहे की करछुल से अपने पिता पर हमला कर दिया। हमले में रघुनाथ कोल गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सरई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी बेटे को हिरासत में लेकर पूछतांछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पिता और पुत्र दोनों शराब के नशे में थे। घरेलू विवाद के दौरान दोनों के बीच पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी बेटे ने गुस्से में आकर हमला कर दिया। घटना बीते मंगलवार की रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी नाबालिग बेटे से पूछतांछ की जा रही है और उसने अपना अपराध स्वीकार भी कर लिया है। फिलहाल पुलिस ने उसे संरक्षण में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में शोक और भय का माहौल बना हुआ है।

# ट्रैक्टर सहित दो लाख से अधिक की रेत जब्त, चालक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। नवानगर थाना पुलिस ने अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर सहित अवैध रेत जप्त की है। जप्त किए गए मशरूका की कुल कीमत करीब 2 लाख 5 हजार रुपये बताई जा रही है।**




नवानगर पुलिस को 10 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जरहा की ओर से एक नीले रंग का सोनालिका ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत लोड कर कन्वेयर बेल्ट नौगढ़ की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही नवानगर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध ट्रैक्टर को रोककर जांच कर ट्रैक्टर चालक इन्द्रेश कुमार शाह पिता राजेश कुमार शाह उम्र 20 वर्ष निवासी बेलबार थाना लंघाडोल अवैध रूप से रेत का परिवहन करने पर पुलिस ने मौके से डीआई-35 सोनालिका इंटरनेशनल ट्रैक्टर में लदी अवैध रेत को जप्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 303(2), 317(5), खान एवं खनि अधिनियम की धारा 4/21 तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 130/177(3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी टीआई डॉ. अनिल कुमार पटेल अन्य मौजूद रहे।

# भारत में घोषित आर्थिक आपातकाल : अभिमन्यु

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। आम आदमी पार्टी के नेता अभिमन्यु सिंह चंदेल ने विज्ञप्ति जारी करते हुये कहा है कि भारत इस समय अघोषित आर्थिक आपातकाल के जैसे हालात से गुजर रहा है।**



अमेरिका एवं ईरान के बीच चल रहे युद्ध के वजह से मध्य पूर्व एशिया एवं खाड़ी देशों में उथल-पुथल के हालात निर्मित हो गए हैं, इसके कारण भारत के अर्थव्यवस्था पर भारी भरकम प्रभाव देखने को मिल रहा है, खासकर क्रुड आयल एवं एलपीजी गैस के क्षेत्र में इसका सीधा प्रभाव देखने को मिल रहा है, क्योंकि ईरान के प्रभाव क्षेत्र होर्मूज जल डमरू मध्य के रास्ते पूरे विश्व में 20 से 25 प्रतिशत भाग इसी रास्ते से तेल एवं गैस की आपूर्ति होती है और भारत में तो कुल आयात का लगभग 50 से 60 प्रतिशत भाग इसी रास्ते से आपूर्ति होता है, भारत सरकार के द्वारा ईरान के प्रति अस्पस्ट नीति के कारण, ईरान ने भारत के लिए यह रास्ता बाधित कर दिया है, जबकि रूस एवं चीन के लिए यह रास्ता बाधित नहीं है, भारत के लिए ईरान द्वारा आपूर्ति बाधित करना यह दर्शाता है कि भारत की विदेश नीति ईरान के मामले में स्पष्ट नही है।

# बिना दस्तावेज चल रही क्रेन और दो ट्रिप ट्रेलर जब्त, लाखों का राजस्व वसूला

## ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, प्रशासन की चेतावनी, नियम तोड़े तो होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। जिले में परिवहन नियमों की अनदेखी करने वाले मालवाहक वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया। जिला कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश और आरटीओ विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में चेक-पॉइंट प्रभारी विभा उईके के नेतृत्व में जिलेभर में सघन जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई की गई।**



इस दौरान अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कई वाहनों के चालान काटे गए तथा लाखों रुपये का शासकीय राजस्व वसूला गया। अभियान के दौरान बिना वैध दस्तावेजों के संचालित हो रही एक क्रेन और दो ट्रिप ट्रेलर को मौके पर ही जप्त कर लिया गया। साथ ही कई अन्य मालवाहक वाहनों की जांच कर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उनके विरुद्ध त्वरित चालानी कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग की। कार्रवाई के दौरान बंधा, पचौर, उज्जैनी और झिंगुदह क्षेत्रों में बिना तिरपाल खुले में रेत, गिट्टी, मिट्टी, कोयला और राख का परिवहन करने वाले ओवरलोड वाहनों पर विशेष निगरानी रखी गई। विभाग ने ऐसे वाहन चालकों को सख्त चेतावनी दी है कि सुरक्षा और प्रदूषण मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान के दौरान ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से मिलाकर लगभग 4 लाख रुपये से अधिक का राजस्व संग्रहण किया गया।

# ऊंची हवेली में होली मिलन समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**सरई 11 मार्च। रंगों और उमंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर परंपरागत बुढ़वा मंगल के दिन नगर परिषद सरई के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद एवं समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी द्वारा अपने ऊंची हवेली निवास घोघरा में होली मिलन एवं देशी फाग समारोह का आयोजन किया गया।**



इस अवसर पर तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा, सीएमओ नगर परिषद सरई सुरेंद्र सिंह, थाना प्रभारी सरई जितेंद्र सिंह भदौरिया, संजय, हनुमान गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, महेश गुप्ता, अजय गुप्ता, संतोष गुप्ता व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे और होली के पारंपरिक उल्लास में सराबोर दिखाई दिए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक देशी फाग के साथ हुई, जिसकी मधुर धुनों और लोकगीतों ने पूरे वातावरण को फागुन की रंगीनियों से भर दिया। इस अवसर पर समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का ही नहीं बल्कि प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का भी पर्व है।

# विंध्याचल को सीआईआई राष्ट्रीय मानव संसाधन उत्कृष्टता का मिला पुरस्कार

## प्राइज फॉर डिस्टिंक्शन से किया गया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 11 मार्च। एनटीपीसी विंध्याचल को 16वें सीआईआई नेशनल एचआर एक्सीलेंस अवॉर्ड्स में प्राइज फॉर डिस्टिंक्शन इन एचआर एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया है।**



यह प्रतिष्ठित पुरस्कार आज दिन बुधवार को आयोजित अवॉर्ड समारोह में स्टेशन की ओर से मृणालिनी अपर महाप्रबंधक ने प्राप्त किया। सीआईआई एचआर एक्सीलेंस फ्रेमवर्क के अंतर्गत संगठनों का मूल्यांकन नेतृत्व, रणनीति, कर्मचारी सहभागिता, क्षमता निर्माण तथा नवोन्मेषी एचआर प्रथाओं के आधार पर किया जाता है, जो संस्थागत उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह उपलब्धि एनटीपीसी की प्रतिभा संवर्धन, कर्मचारी सहभागिता को मजबूत करने तथा भविष्य के लिए सक्षम कार्यबल तैयार करने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करती है। यह सम्मान विंध्याचल के एचआर विभाग और सभी कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

# नल-जल योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं है : जामोद

## संभागायुक्त ने विभागीय कार्यों एवं योजनाओं का किया समीक्षा, लापरवाह जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की रुकेंगी दो वेतन वृद्धियां

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विभागीय कार्यो एवं योजनाओ की समीक्षा की।**



कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा से विभागीय कार्य करें। नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करके विभागीय योजनाओं की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करायें। जन कल्याण के कार्यो में संवेदनशीलता से कार्रवाही करें। जन कल्याण के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नही की जायेंगी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आगामी गर्मियो को देखते हुये हर बसाहट में पेयजल की समुचित व्यवस्था करायें। पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायतो का दो दिवस में निराकरण करायें। समूह नल-जल योजना तथा एकल नल-जल योजनाओं के प्रगति संतोष जनक नही है, निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा कराकर हर घर में नल से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

### लापरवाही से होने वाली मौत सहन नहीं

कमिश्नर ने कहा कि सीएमएचओ स्वास्थ्य सुविधाओ को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास करें। गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन और जॉच सुनिश्चित करें। सीबियर एनेमिक गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत चिन्हांकन करके उन्हे समय पर उपचार सुविधा दे। शिशु मृत्यु तथा मॉ मृत्यु के प्रत्येक घटना की ऑडिट करके इसमें दोषी पाये गये अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाही करें। किसी की लापरवाही से होने वाली मौत सहन नही की जायेंगी। स्वास्थ्य सूचकांको में अपेक्षा अनुरूप सुधार नही हुआ तो सीएमएचओ सहित अधिनस्थ अमले पर कड़ी कार्रवाही की जायेगी। साथ ही आगे कहा कि सभी क्षय रोगियो तथा सीबियर एनेमिक गर्भवती महिलाओं को निजी कम्पनियों के सहयोग से अतिरिक्त पोषण आहार एवं फूड बास्केट का वितरण करायें।

